**कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)**

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

IQAC Mail- iqacggcsehore@gmail.com


Govt Girls College, Sehore
IQAC
Internal Quality Assurance Cell

दिनांक 24/03/2023

# //प्रतिवेदन//

## श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत IQAC द्वारा आयोजित गतिविधियां

दिनांक 06/02/2023 को उच्च शिक्षा विभाग के SLNC द्वारा दिए गए निर्देशानुसार श्री अन्न महोत्सव के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया जाना है इस हेतु महाविद्यालय के IQAC द्वारा निम्नानुसार गतिविधियों का आयोजन किया गया–

- **स्लोगन प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता**
- **''पौषक अनाज एवं स्वास्थ्य पहलू'' विषय पर कहानी लेखन प्रतियोगिता**
- **पोषण अनाज एवं स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान**
- **मोटे अनाज से निर्मित व्यंजन प्रतियोगिता**
- **मोटे अनाज पर प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता**
- **पुरस्कार वितरण कार्यक्रम**

- दिनांक 13/02/2023 को श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत पोषक अनाज पर आधारित **स्लोगन प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 40 छात्राओं ने सहभागिता की।








सीहोर भास्कर

नसरुल्लागंज › आष्टा › रेहटी › इछावर › जावर › बुदनी

दैनिक भास्कर

भोपाल, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023

**प्रतियोगिता प्रश्न मंच में दीक्षा स्लोगन में राशि का पहला स्थान**



हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 14 फरवरी 2023

**श्री अन्न महोत्सव के तहत हुई कई गतिविधियां**

- आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 27/02/2023 को **"पौषक अनाज एवं स्वास्थ्य पहलू" विषय पर कहानी लेखन** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित किया एवं इतिहास विभाग के श्री रमाकांत रिछारिया ने परंपरागत कहानियों एवं उसमें से संबंधित महत्व के बारे में जानकारी दी, जिससे की छात्राएं स्वंय अपनी नई कहानी बनाने के लिए प्रेरित हो सके। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें से पांच छात्राओं की कहानियों को सराहा गया।









सीहोर भास्कर

नसरुल्लागंज ▸ आष्टा ▸ रेहटी ▸ इछावर ▸ जावर ▸ बुदनी

भोपाल, मंगलवार, 28 फरवरी, 2023 फाल्गुन, शुक्ल पक्ष-09, 2079

दैनिक भास्कर
भोपाल, मंगलवार, 28 फरवरी, 2023 14

## कहानी लेखन में छात्राओं की 5 कहानियों को सराहा

प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिस्सा लिया।

भास्कर संवाददाता | सीहोर

सोमवार को गर्ल्स कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में "पौष्टिक अनाज एवं स्वास्थ्य पहलू" विषय पर कहानी लेखन प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य ने छात्राओं को परंपरागत कहानियों एवं उसमें पोषण से संबंधित महत्व के बारे में जानकारी दी, जिससे की छात्राएं स्वयं अपनी नई कहानी बनाने के लिए प्रेरित हो सके। इसके अलावा डॉ. जया शर्मा ने छात्राओं को कार्यक्रम में मोटे अनाज के महत्व के बारे में बताया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज की 25 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से पांच छात्राओं की कहानियों को सराहा गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक लखनलाल कलेशरिया, सीए उमेश भावसार, अतिथि विद्वान रमाकांत रिछारिया, बृजेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

- आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं गृहविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 28/02/2023 को **"पोषण अनाज एवं स्वास्थ्य"** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कलिका डोलस प्राध्यापक गृहविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को पॉवर पोईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से मोटे अनाज के महत्व पर व्याख्यान द्वारा जानकारी दी गई। इस व्याख्यान में लगभग 50 छात्राएं लाभांवित हुई।









**शासकीय कन्या महाविद्यालय में अन्न महोत्सव के तहत व्याख्यान का आयोजन**

सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) एवं गृहविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत पोषण अनाज एवं स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कलिका डोलस प्राध्यापक गृहविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को प्रजेंटेशन के माध्यम से मोटे अनाज के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस व्याख्यान में लगभग 50 छात्राएं लाभांवित हुई। इस अवसर पर IQAC प्रभारी डॉ. जया शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश बकोरिया सहित अन्य विद्वान जन उपस्थित रहे।



ब्रीफ न्यूज

**कन्या महाविद्यालय में अन्न महोत्सव**

सीहोर. शासकीय कन्या महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं गृहविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में श्री अन्न महोत्सव का आयोजन किया गया। पोषण अनाज एवं स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. कलिका डोलस प्राध्यापक गृहविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को प्रजेंटेशन के माध्यम से मोटे अनाज के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस व्याख्यान में 50 छात्राएं लाभांवित हुई। इस अवसर पर प्रभारी डॉ. जया शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश बकोरिया उपस्थित थे।

- आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, राजनीति विभाग एवं समाज शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 15/03/2023 को **मोटे अनाज से निर्मित व्यंजन प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्राओं द्वारा मोटे अनाज से विभिन्न व्यंजन जैसे भगर की खीर, बाजरे की पूडी, मक्के का डोकला, ज्वार का उपमा, कटलेट आदि बनाए गए। इस कार्यक्रम में 07 छात्राओं ने स्टॉल लगाए और अपना व्यंजन प्रस्तुत किया।





- आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 21/03/2023 को **मोटे अनाज पर चार्ट के माध्यम से प्रस्तुतिकरण** की गतिविधि अयोजित की गई। इस आयोजन में छात्राओं ने महाविद्यालय से पोस्टर एवं चार्ट आदि बनाने के लिए सामग्री प्राप्त कर प्रस्तुतिकरण के लिए चार्ट तैयार किए एवं प्रत्येक छात्रा ने एक–एक मोटे अनाज के ऊपर विस्तृत जानकारी सहित एक चार्ट तैयार कर उस पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया लगभग 10 छात्राओं ने अलग–अलग मोटे अनाज एवं अन्य आवश्यक सब्ज़ियों के बीजों के बारे में भी प्रस्तुतिकरण दिया।






- शासकीय कन्या महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं विश्व बैंक परियोजना अकादमिक उन्नयन अंतर्गत महाविद्यालय में **''श्री अन्न महोत्सव''** संबंधी गतिविधियों के लिए **पुरस्कार वितरण कार्यक्रम** दिनांक 24/03/2023 को दोपहर 01:00 बजे कक्ष क्रमांक S2 में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विजेता छात्राओं द्वारा अपनी विधा के संबंध में समस्त उपस्थित छात्राओं को संबोधित कर प्रेरित किया गया जिससे सभी मोटे अनाज के उपयोग हेतु तत्पर हो एवं इस जानकारी को अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं समाज के अन्य सभी वर्गो तक पहुचाने हेतु प्रयत्नशील बने।







हरिभूमि

भोपाल - सीहोर भूमि

26 Mar 2023

शासकीय कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन

## अन्न महोत्सव में कई छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं विश्व बैंक परियोजना अकादमिक उन्नयन अंतर्गत महाविद्यालय में श्री अन्न महोत्सव संबंधी गतिविधियों के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक 24 मार्च 2023 को दोपहर 01:00 बजे कक्ष क्रमांक 2 में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विजेता छात्राओं द्वारा अपनी विधा के संबंध में समस्त उपस्थित छात्राओं को संबोधित कर प्रेरित किया गया। जिससे सभी मोटे अनाज के उपयोग हेतु तत्पर हो एवं इस जानकारी को अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं समाज के अन्य सभी वर्गों तक पहुचाने हेतु प्रयत्नशील बने। कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हे उनके ऊर्जावान प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विश्व बैंक प्रभारी डॉ. अनूप कुमार सिंह ने छात्राओं को सदैव नवाचार के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कु. दीक्षा (बी.कॉम. प्रथम वर्ष) प्रथम, कु. श्रद्धा मेवाड़ा द्वितीय, कु. अंजली राठौर तृतीय, श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता में कु. राशि साहू (बी.बी.ए. प्रथम वर्ष) प्रथम, श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत मोटे अनाज से निर्मित व्यंजन प्रतियोगिता में कु. निकिता लोधी (बी.ए. तृतीय वर्ष)प्रथम, कु. प्रतिभा डांगर (बी.ए. प्रथम वर्ष) द्वितीय, कु. अर्चना देवी (बी.ए. प्रथम वर्ष) तृतीय, श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत कहानी लेखन प्रतियोगिता (विषय- पोषक अनाज एवं स्वास्थ्य पहलू) में कु. पूजा गौर (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) प्रथम, श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत मोटे अनाज पर प्रस्तुतिकरण में कु. वंशीता (बी.एस.सी द्वितीय वर्ष)प्रथम,कु. प्रेरणा (बी.एस.सी द्वितीय वर्ष) द्वितीय, कु. भावना एवं कु. रोशनी (बी.एस.सी द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र एवं शिल्ड प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया।



मेरा देश मेरी पहचान

हर कदम...आपके साथ

सम्पादक : पुरुषोत्तम मीणा | सीहोर,रविवार | 26 मार्च 2023 | Digital Addition

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में श्री अन्न महोत्सव सम्बंधी गतिविधियों में कई छात्राओं को किया गया पुरुस्कृत

सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं विश्व बैंक परियोजना अकादमिक उन्नयन अंतर्गत महाविद्यालय में "श्री अन्न महोत्सव"सम्बंधी गतिविधियों के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक 24 मार्च 2023 को दोपहर 01:00 बजे कक्ष क्रमांक 2 में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विजेता छात्राओं द्वारा अपनी विधा के संबंध में समस्त उपस्थित छात्राओं को संबोधित कर प्रेरित किया गया। जिससे सभी मोटे अनाज के उपयोग हेतु तत्पर हो एवं इस जानकारी को अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं समाज के अन्य सभी वर्गों तक पहुचाने हेतु प्रयत्नशील बने। कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हे उनके ऊर्जावान प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विश्व बैंक प्रभारी डॉ. अनूप कुमार सिंह ने छात्राओं को सदैव नवाचार के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कु. दीक्षा (बी.कॉम. प्रथम वर्ष) प्रथम, कु. श्रद्धा मेवाड़ा द्वितीय, कु. अंजली राठौर तृतीय, श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता में कु. राशि साहू (बी.बी.ए. प्रथम वर्ष) प्रथम, श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत मोटे अनाज से निर्मित व्यंजन प्रतियोगिता में कु. निकिता लोधी (बी.ए. तृतीय वर्ष)प्रथम, कु. प्रतिभा डांगर (बी.ए. प्रथम वर्ष) द्वितीय, कु. अर्चना देवी (बी.ए. प्रथम वर्ष) तृतीय, श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत कहानी लेखन प्रतियोगिता (विषय- पोषक अनाज एवं स्वास्थ्य पहलू) में कु. पूजा गौर (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) प्रथम, श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत मोटे अनाज पर प्रस्तुतिकरण में कु. वंशीता (बी.एस.सी द्वितीय वर्ष)प्रथम,कु. प्रेरणा (बी.एस.सी द्वितीय वर्ष) द्वितीय, कु. भावना एवं कु. रोशनी (बी.एस.सी द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र एवं शिल्ड प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

Edition | 2023   page 05

कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हे उनके ऊर्जावान प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं विश्व बैंक प्रभारी डॉ. अनूप कुमार सिंह ने छात्राओं को सदेव नवाचार के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में निम्नानुसार गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया—

## परिणाम

| क्र. | नाम | प्रतियोगिता का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | कु. दीक्षा<br>(बी.कॉम. प्रथम वर्ष) | श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता | प्रथम |
| 02 | कु. श्रद्धा मेवाडा | | द्वितीय |
| 03 | कु. अंजली राठौर | | तृतीय |
| 04 | कु. राशि साहू<br>(बी.बी.ए. प्रथम वर्ष) | श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता | प्रथम |
| 05 | कु. पूजा गौर<br>(एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) | श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत कहानी लेखन प्रतियोगिता (विषय— पोषक अनाज एवं स्वास्थ्य पहलू) | प्रथम |
| 06 | कु. निकिता लोधी<br>(बी.ए. तृतीय वर्ष) | श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत मोटे अनाज से निर्मित व्यंजन प्रतियोगिता | प्रथम |
| 07 | कु. प्रतिभा डांगर<br>(बी.ए. प्रथम वर्ष) | | द्वितीय |
| 08 | कु. अर्चना देवी<br>(बी.ए. प्रथम वर्ष) | | तृतीय |
| 09 | कु. वंशीता<br>(बी.एस.सी द्वितीय वर्ष) | श्री अन्न महोत्सव अंतर्गत मोटे अनाज पर प्रस्तुतिकरण | प्रथम |
| 10 | कु. प्रेरणा<br>(बी.एस.सी द्वितीय वर्ष) | | द्वितीय |
| 11 | कु. भावना एवं कु. रोशनी<br>(बी.एस.सी द्वितीय वर्ष) | | तृतीय |

कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया।